# खाद संकट पर भड़के किसानो

**खास बातें**

- सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन
- किसानों ने एसडीएम को सुनाई पीड़ा तत्काल यूरिया उपलब्ध कराने की मांग





नवभारत न्यूज

**सिरोंज 5 अगस्त, सिरोंज में यूरिया खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों का बुधवार को गुस्सा फूट पड़ा. खाद के लिए डबल लॉक गोदाम पहुंचे किसानों को जब यूरिया नहीं मिला, तो आक्रोशित किसानों ने तहसील रोड पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया. किसानों ने सड़क पर उतरकर जोरदार नारेबाजी करते हुए नाराजगी जताई और तत्काल डीएपी यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की.**

जानकारी के अनुसार सिरोंज में बुधवार को कई किसान डीएपी यूरिया लेने के लिए डबल लॉक गोदाम पहुंचे थे, लेकिन वहां खाद उपलब्ध नहीं होने से स्थिति बिगड़ गई. नाराज किसान तहसील रोड पर बैठ गए और जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से तत्काल व्यवस्था की मांग करने लगे. मामले की सूचना मिलते ही कृषि विभाग के एसएडीओ, नायब तहसीलदार तथा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे. इस दौरान किसानों ने अधिकारियों को अपनी समस्याएं बताते हुए तत्काल यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की. अधिकारियों की समझाईश के बाद किसान सड़क से हटे. इसके बाद किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में नाराज किसान एसडीएम कार्यालय पहुंच गए. और एसडीएम ओम नारायण बड़कुल को अपनी पीड़ा बताई. किसानों ने कहा कि एक ओर किसान सूखे की मार झेल रहा हैं, वहीं दूसरी ओर खाद की किल्लत से फसलें बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं. किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा और उन्हें पूरे साल आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने प्रशासन से तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की. इस दौरान शिवम शर्मा, चंद्रेश, रमेश बाबू, खेमचंद, उमराव, पदम, जितेंद्र, महाराज सिंह, दीवान सिंह, मेहरबान सिंह, कमर लाल सहित कई किसान मौजूद रहे.

**इनका कहना है –**

कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ ने बताया कि फिलहाल डबल लॉक गोदाम में यूरिया उपलब्ध नहीं है. लगभग 250 किसानों को टोकन वितरित किए गए हैं. उन्होंने बताया कि सोमवार तक यूरिया आने की संभावना है, जिसके बाद किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराया जाएगा.

**इनका कहना है –**

किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि इस समय फसलों को खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है, लेकिन किसानों को समय पर डीएपी यूरिया नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने कहा कि पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान पहले ही परेशान हैं और अब खाद की कमी ने उनकी चिंता कई गुना बढ़ा दी है. उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की.

## कम बारिश से खरीफ फसल पर मंडराया संकट, किसानों से फसल बीमा कराने की अपील

- तहसीलदार प्रेमलता पाल ने कहा- समय सीमा के भीतर बीमा कराकर प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की लें आर्थिक सुरक्षा



नवभारत न्यूज

**पठारी 5 अगस्त. क्षेत्र में इस वर्ष सामान्य से कम बारिश होने के कारण खरीफ फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं. पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेतों में खड़ी सोयाबीन, उड़द, मूंग सहित अन्य खरीफ फसलों की वृद्धि प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है. यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो किसानों को उत्पादन में कमी का सामना करना पड़ सकता है.**

ऐसी स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील की है. प्रशासन का कहना है कि प्राकृतिक आपदा, अल्पवृष्टि अथवा अन्य प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से फसल को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए फसल बीमा एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है.तहसीलदार प्रेमलता पाल ने क्षेत्र के किसानों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी खरीफ फसलों का बीमा अवश्य कराएं. उन्होंने कहा कि समय पर बीमा कराने वाले किसानों को योजना के नियमों के अनुसार फसल क्षति होने की स्थिति में बीमा राशि का लाभ प्राप्त हो सकेगा. उन्होंने किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा अधिकृत माध्यमों से फसल बीमा कराने की अपील की.प्रशासन ने किसानों से कहा है कि वे मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, जिससे विपरीत परिस्थितियों में होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके और खेती की निरंतरता बनी रहे.

## भागवत कथा में जड़भरत, अजामिल, प्रह्लाद और श्रीराम-श्रीकृष्ण जन्म प्रसंगों का हुआ भावपूर्ण वर्णन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** श्रीमद्भागवत कथा के दौरान चतुर्दशी दिवस पर कथा वाचक पूज्य शास्त्रीजी ने जड़भरत, अजामिल, प्रह्लाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया. उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए मनुष्य का सरल, निष्कपट और भक्तिभाव से परिपूर्ण होना आवश्यक है.कथा में शास्त्रीजी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को एकजुट होकर सनातन धर्म के मूल्यों का पालन करना चाहिए तथा भागवत भजन के साथ प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण को भी जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए.

## आनंदपुर पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोपों से बढ़ा विवाद

- वार्ड-13 के पंच-पति ने लगाए गंभीर आरोप
- सरपंच-पुत्र पर समानांतर संचालन का दावा
- स्वच्छता मद में अनियमितता और निष्पक्ष जांच की मांग




नवभारत न्यूज

**आनंदपुर,** ग्राम पंचायत आनंदपुर में स्वच्छता व्यवस्था और पंचायत संचालन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है.वार्ड क्रमांक-13 के पंच-पति जीवन राठौर ने पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक हस्तक्षेप को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि पंचायत में निर्वाचित प्रतिनिधि के बजाय उनके पुत्र द्वारा कार्यों का संचालन किया जा रहा है तथा विभिन्न विकास कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है.जीवन राठौर का आरोप है कि पंचायत भवन के सामने लंबे समय से कचरे का ढेर और गंदे पानी का जमाव बना हुआ है. उनका कहना है कि स्वच्छता मद से राशि खर्च होने के बावजूद गांव की सफाई व्यवस्था बदहाल है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है.उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच हरिवल्लभ महाराज की जगह उनके पुत्र पंचायत के अधिकांश कार्यों का संचालन कर रहे हैं। उनके अनुसार पंचायत के वित्तीय और प्रशासनिक निर्णयों में भी वही सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. साथ ही उन्होंने पंचायत के विभिन्न मदों में खर्च हुई राशि की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है.जीवन राठौर ने आरोप लगाया कि यदि पंचायत के वित्तीय अभिलेखों और खातों का विस्तृत ऑडिट कराया जाए तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं. उन्होंने यह भी दावा किया कि मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए.ग्रामीणों ने पंचायत में हुए कथित वित्तीय लेनदेन, स्वच्छता कार्यों तथा अन्य विकास कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है.साथ ही, यदि जांच में अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं तो पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग भी की है.बताया जा रहा है कि मामले को लेकर अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ से भी शिकायत की गई है, जिन्होंने जांच का आश्वासन दिया है.अब ग्रामीणों की नजर जांच रिपोर्ट और प्रशासन द्वारा की जाने वाली आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई है.

## कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रवि तलरेजा, व्यापारियों ने दी बधाई

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** विदिशा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि तलरेजा को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति की घोषणा कैट के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन द्वारा की गई.विदिशा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष मनीष लस्करी ने बताया कि रवि तलरेजा को प्रदेश स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से व्यापारिक संगठन में खुशी का माहौल है. व्यापारियों ने इसे विदिशा के लिए गौरव का विषय बताते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रदेशभर के व्यापारियों की समस्याओं और हितों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा.रवि तलरेजा की नियुक्ति पर विदिशा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के महामंत्री हृदेश सोनी एवं कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया.इस अवसर पर सह कोषाध्यक्ष करतार सिंह धाकड़, उपाध्यक्ष दिनेश रामानी, आनंद अग्रवाल, महिपाल सिंह राजपूत, कमलेश गर्ग, मंत्री रोहित गर्ग, रजत अरोड़ा, अमित शर्मा, विशाल चौरसिया, आईटी प्रमुख दिलीप जौहरी सहित अनेक व्यापारी एवं समाजसेवियों ने रवि तलरेजा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं.



## मुख्य मार्ग से होर्डिंग- पोस्टर हटाने की कार्रवाई पर उठे सवाल

- सभी दलों पर समान कार्रवाई की मांग
- नगर पालिका ने कांग्रेस के पोस्टर हटाए
- लोगों ने कहा- नियम सभी राजनीतिक दलों पर एक समान लागू हों

नवभारत न्यज

**गंजबासौदा. नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य मार्गों पर लगाए गए होर्डिंग, पोस्टर और साइन बोर्ड हटाने की कार्रवाई की गई. इस दौरान मुख्य मार्ग पर विद्युत पोलों तथा सौंदर्यीकरण के तहत लगाई गई जालियों और वृक्षों पर लगे कांग्रेस पार्टी के होर्डिंग, पोस्टर एवं साइन बोर्ड हटाकर नगर पालिका परिसर में रखे गए कचरे के बीच डाल दिए गए. इस कार्रवाई के बाद शहर में इसे लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा भी नेताओं के आगमन, स्वागत, सम्मान एवं जन्मदिवस जैसे अवसरों पर इसी प्रकार के होर्डिंग और पोस्टर लगाए जाते रहे हैं. ऐसे में यदि कार्रवाई की गई है तो वह सभी दलों पर समान रूप से होना चाहिए, ताकि किसी प्रकार के पक्षपात का आरोप न लगे.लोगों का यह भी कहना है कि नगर पालिका द्वारा हटाए गए होर्डिंग और पोस्टरों को कचरे में फेंकने के बजाय परिषद परिसर के किसी सुरक्षित स्थान पर सम्मानपूर्वक रखा जा सकता था. उनका मानना है कि सार्वजनिक सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए वृक्षों, जालियों और विद्युत पोलों का उपयोग किसी भी राजनीतिक दल को प्रचार-प्रसार के लिए नहीं करना चाहिए.

शहर के नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका यदि अतिक्रमण अथवा नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध अभियान चलाती है तो वह बिना किसी भेदभाव के सभी राजनीतिक दलों, संगठनों और व्यक्तियों पर समान रूप से कार्रवाई करे. साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए.नागरिकों का कहना है कि निष्पक्ष और समान कार्रवाई से न केवल विवादों की स्थिति समाप्त होगी, बल्कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी लोगों का विश्वास बढ़ेगा. यदि कार्रवाई किसी एक दल तक सीमित दिखाई देती है तो इससे अनावश्यक विवाद और पक्षपात के आरोप लगने की संभावना बनी रहती है.

**मौन सूचना**

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

## पंचायत सचिव से अभद्रता व धमकी का आरोप, कुरवाई थाने में शिकायत दर्ज

- सचिवों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की
- पुलिस बोली- जांच के बाद होगी वैधानिक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**कुरवाई.** ग्राम पंचायत नेहरा के सचिव नरेंद्र शर्मा ने गांव के एक व्यक्ति पर अभद्रता, गाली-गलौज, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कुरवाई थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में पंचायत सचिव भी थाने पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की.

थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन में नरेंद्र शर्मा ने बताया कि 4 अगस्त को दोपहर करीब 1:30 बजे वह मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान गांव के उदयसिंह उर्फ भूरा पिता प्राण सिंह अहिरवार ने उनकी मोटरसाइकिल में लात मारकर उन्हें रोक लिया। शिकायत के अनुसार इसके बाद आरोपी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी.शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने कहा कि यदि वह पंचायत में कार्य करते हुए मिला तो उसे जान से मार देगा तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम में फंसाने की धमकी भी दी.आवेदन में सचिव ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति अक्सर शराब के नशे में पंचायत भवन एवं शासकीय विद्यालय परिसर में पहुंचकर गाली-गलौज करता है। घटना के दिन विद्यालय परिसर में भी अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया है तथा इसका वीडियो होने का भी दावा किया गया है.घटना से नाराज पंचायत सचिवों ने एकजुट होकर कुरवाई थाने पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की.सचिवों का कहना है कि शासकीय कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की घटनाएं होने से शासकीय कार्य प्रभावित होता है और कर्मचारियों में भय का वातावरण बनता है.थाना प्रभारी आर.के. मिश्रा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है.पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.



## सर्राफा व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष बने कैलाश सोनी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** श्री सर्राफा व्यापार संघ सिरोंज की नई कार्यकारिणी समिति का पद ग्रहण कार्यक्रम श्री रामलला सरकार मंदिर परिसर में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जिससे व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला. कार्यक्रम में संरक्षक पद के लिए रामप्रकाश गर्ग को चुना गया, जबकि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कैलाश सोनी को सौंपी गई. उपाध्यक्ष पद पर सुनील सिंहल, सचिव पद पर राजेंद्र मंगल, कोषाध्यक्ष पद पर नितिन गर्ग एवं सह सचिव पद पर सुजीत पालीवाल का चयन किया गया. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ के हित में कार्य करने, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया. इस मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी को संगठन के सदस्यों ने बधाई दी.

**आयोजन** | **कॉलोनाइजर की शिकायत लेकर पहुंचे रहवासी, जनसुनवाई में आवेदकों ने दिये आवेदन**

# जनसुनवाई में गूंजी कॉलोनी में सड़क, बिजली की समस्या

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, एसडीएम द्वारा मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में गोल्डन सिटी कॉलोनी फेस-2 एवं पार्क सिटी कॉलोनी फेस-3 के रहवासी कालोनी में सड़क एवं विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने तथा संबंधित कॉलोनाइज़रों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग को लेकर पहुंचे.**

इस मौके पर उन्होंने शिकायत करते हुए कहा कि कॉलोनी में विगत लगभग 3 वर्षों से सड़क एवं स्ट्रीट लाइट की गंभीर समस्या बनी हुई है. कॉलोनी में उचित सड़क एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण रात्रि में पूरा क्षेत्र अंधकारमय रहता है तथा बरसात के समय आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता है. इससे कॉलोनी के बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है तथा महिलाओं, बुजुर्गों एवं अन्य नागरिकों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार कॉलोनाइज़र से सड़क एवं विद्युत व्यवस्था कराने का अनुरोध करने पर केवल आश्वासन दिया गया. लेकिन किसी प्रकार का कार्य नहीं कराया गया है और उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया. उन्होंने शिकायत की जांच कराकर संबंधित कॉलोनाइज़रों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा कॉलोनी में शीघ्र सड़क निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट, विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की.



### जनसुनवाई में आए करीब 45 आवेदन

जनसुनवाई में मंगलवार को ग्रामीण एवं शहरी अंचल से दर्जनों आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगो से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे. जनसुनवाई में लगभग 45 आवेदन आए. किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलने, नाम सुधार और पात्रता संबंधी शिकायतें दर्ज कराईं. वहीं कॉलोनियों के रहवासियों ने सड़क, नाली, पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर आवेदन सौंपे. इसके अलावा राजस्व, पेंशन, अतिक्रमण, भूमि विवाद, राशन, विद्युत एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें भी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई. एसडीएम ने संबंधित विभागों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए.

### अवैध कॉलोनियों में सुविधाओं को तरसते रहवासी

शहर में मकड़जाल की तरह फैलती अवैध कॉलोनियों में रहवासी मूलभूत सुविधाओं को तरसते दिखाई देते हैं. वहीं कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनी काटने के नाम पर लोगों से मोटी रकम तो वसूल ली जाती है. लेकिन लोगों को इन अवैध कॉलोनी में किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधायें मुहैया नहीं कराई जाती है. जिसके कारण इन अवैध कॉलोनी के रहवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते दिखाई देते हैं. वहीं कई बार इन अवैध कालोनियों के रहवासियों द्वारा शिकायतें भी की जाती है. बावजूद इसके उनकी समस्याओं का स्थायी निराकरण नहीं होने से रहवासियों में नाराजगी बढ़ रही है.

### केथन जलाशय में चोरी रोकने की मांग

जल क्षेत्रीय भोई समाज मत्स्य उद्योग सहकारी समिति मर्यादित सिरोंज ने केथन जलाशय में चोरी रोकने की मांग करते हुए कहा कि समिति को केथन सिंचाई जलाशय 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा प्रदाय किया गया है. समिति के सदस्य पट्टे पर प्राप्त जलाशय में मत्स्य पालन कर परिवारों का पालन पोषण करते है. बाहरी व्यक्तियों द्वारा मछलियों की चोरी की जा रही है. समिति सदस्यों के मना करने पर उनके साथ बाहरी व्यक्ति गालियां देते है. एवं लड़ाई झगड़ा कर डराते धमकाते हैं. इस कारण सदस्यों के साथ कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है. उन्होंने केथन जलाशय में बाहरी व्यक्तियों पर उचित कानूनी कार्यवाही करने का आदेश देने की मांग की.

## राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती पर गहोई समाज ने किया स्मरण



नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज. राष्ट्रकवि एवं पद्म विभूषण मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती के अवसर पर गहोई समाज गुलाबगंज द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं गहोई समाज के गीत से हुआ.**

कार्यक्रम में गहोई समाज के वरिष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र सेठ, महिला मंडल अध्यक्ष खुशी कुरेले, नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजा सेठ, संरक्षक प्रकाश गुप्ता, ओंकार प्रसाद खैरा, सचिव दीपक गुप्ता सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित रहीं.इस अवसर पर कल्पना खैरा एवं संगीता गुप्ता ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, महिला उत्थान और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया. उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं.समाज अध्यक्ष राजेंद्र सेठ ने गुप्त जी के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए उनकी प्रसिद्ध रचनाओं का वाचन किया. वहीं संरक्षक प्रकाश गुप्ता ने राष्ट्रकवि के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया.संरक्षक ओंकार प्रसाद खैरा ने मैथिलीशरण गुप्त को भगवान श्रीराम का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि उन्होंने संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए साहित्य के माध्यम से समाज और राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया.कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन दीपक गुप्ता ने किया. समारोह के अंत में नवयुवक मंडल अध्यक्ष राजा सेठ की ओर से सभी उपस्थितजनों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई.

## महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, युवाओं से उनके आदर्श अपनाने का आह्वान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. कार्यक्रम में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, कमला नेहरू एवं महान गायक किशोर कुमार के जीवन एवं योगदान को याद किया गया.कार्यक्रम का संचालन संयोजक दीपक तिवारी ने किया. स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि महापुरुषों का जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाना समय की आवश्यकता है. प्रमोद शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जबकि कैलाश नामदेव ने पाठक संघ के इस आयोजन की सराहना की.अंत में प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में उत्तम सोनी, नरेंद्र ओदिच्य, नंदकिशोर सोनी, मोहन सैनी, मोनू मैना, सोनू पटवा, राधव पिंगले, कैलाश नेमा, सतीश सेन सहित बड़ी संख्या में पाठक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.